तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 2.4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

11 खेल के जरिए युवाओं को नशे से बचाएगी पुलिस

12 आज एमडीयू में शुरू होगी श्रमिकों की भर्ती प्रक्रिया


केवल 5% शुल्क सोने के आभूषणों पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers®
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 7082826177
0% मेकिंग चार्ज
हीरे के आभूषणों पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई बर्बादी नहीं
35% की छूट
हीरे की कीमत पर
सुनिश्चित उपहार जीतें।
हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY

## शहर में आज

- भिवानी स्टैंड पर दीपेंद्र सिंह हुड्डा, भारत भूषण बतरा घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत करेंगे दो बजे
- राजीव गांधी विद्युत भवन में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक सुबह 10 से 2 बजे तक
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन
- गुरुद्वारा बंगला साहिब से नगर कीर्तन शुरू होगा दोपहर 11 बजे
- आईसी कॉलज में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप सुबह 10 बजे से
- तहसील कार्यालय में पटवारियों का धरना जारी रहेगा सुबह 9 बजे से
- एमडीयू में कराटे प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से
- एमडीयू के कामर्स और गणित विभाग में डेंटल चेकअप एंड अवेयरनैस कैंप लगेगा

# पहली बार 25 हजार तक के बकायेदार डिफाल्टर, टैक्स नहीं भरा तो होगी सीलिंग

## नगर निगम ने एक हजार से ज्यादा लोगों को भेजे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ हर वार्ड की बनाई जा रही है लिस्ट
■ टैक्स ब्रांच खंगाल रही है रिकार्ड

नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाने वाले डिफाल्टरों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान तेज कर दिया है। पहली कड़ी में एक लाख से ज्यादा के बकायेदारों को नोटिस भेजे गए थे। अब 25 हजार से ज्यादा के बकायेदारों को नोटिस भेजकर चेताया जा रहा है। अगर उन्होंने इसके बाद भी बिल जमा नहीं करवाया तो उनके खिलाफ सीलिंग कार्रवाई की जाएगी। टैक्स ब्रांच प्रॉपर्टी रिकार्ड का पूरा डाटा तैयार करने में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार, निगम की टैक्स ब्रांच के अधिकारी 22 वार्डों का डाटा खंगाल रहे हैं। जिन लोगों पर एक लाख से ज्यादा का बकाया है उन्हें पहले नोटिस भेजे जा चुके हैं। इसके बाद 50 हजार वाले डिफाल्टरों को नोटिस भेजे गए। अब ऐसे लोगों का रिकार्ड तैयार किया जा रहा है जिन पर 25 हजार से ज्यादा का बकाया है।

इनमें कई ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो कई साल से बिल जमा नहीं करवा रहे। इन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई होगी। इसके लिए हर वार्ड में निगम की टीम भेजी जा रही है। एक हजार लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। हर वार्ड में 50 से ज्यादा डिफाल्टरों की पहचान की गई है।

अधिकारियों का कहना है कि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक वह पूरा बकाया जमा करवाने का लक्ष्य बनाकर चल रहे हैं। हालांकि अभी तक साढ़े 21 करोड़ से ज्यादा टैक्स जमा करवाया जा चुका है।




### टैक्स न भरने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

सभी वार्डों के बकायेदारों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। जिसके बाद कुछ लोग बिल भी जमा करवा रहे हैं। 25 हजार से ज्यादा के बकायेदारों को भी नोटिस भेजे जा रहे हैं। जो टैक्स नहीं भरेंगे उनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई भी की जाएगी। इसलिए आमजन से अपील की जा रही है कि वे सरकार द्वारा टैक्स पर दी गई छूटा का फायदा उठाएं।
-अशोक शर्मा, जेडटीओ नगर निगम

### यहां करवाएं बिल ठीक

अगर किसी व्यक्ति के संपत्तिकर बिल में नाम, एरिया, वर्ग इत्यादि में कोई गलती है तो वह ऑनलाइन पोर्टल या नगर निगम कार्यालय में स्थित नगर सुविधा केन्द्र में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। जल्द ही रिकार्ड ठीक कर दिया जाएगा। सरकार द्वारा संपति करदाता को अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि करके स्व-प्रमाणित करने पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट प्रदान की गई है।

### 29 फरवरी से पहले कराए टैक्स जमा

सरकार की तरफ से 29 फरवरी 2024 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट व बकाया मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। लोगों को इसका फायदा उठाना चाहिए। वे ऑनलाइन या निगम कार्यालय में भी टैक्स जमा करवा सकते हैं।

## जमानत पर आए युवक से अवैध हथियार और चार कारतूस बरामद



**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। उससे एक देसी पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।

सीआईए-2 प्रभारी आजाद नैन ने बताया कि दिनेश के नेतृत्व में सीआईए-2 स्टाफ की टीम गश्त पर थी। भाली आनंदपुर रेलवे फाटक के पास से युवक को शक के आधार पर पकड़ा। युवक की पहचान रोहित उर्फ डीलू निवासी भाली आनंदपुर के रूप में हुई। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, स्नैचिंग, चोरी आदि के चार मामले दर्ज हैं। जिनमें आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी फिलहाल उक्त मामलों में जमानत पर था।

## पीजीआईएमएस में नर्सिंग स्टाफ ने हड़ताल 7 से 10 दिनों के लिए टाली, चंडीगढ़ में होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन ने मंगलवार को होने वाली हड़ताल 7 से 10 दिनों के लिए टाल दी है। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फोगाट ने बताया कि उनकी एसोसिएशन ने 16 जनवरी को सामूहिक अवकाश के लिए अपना पत्र संस्थान के अधिकारियों को सौंप दिया था।

नर्सिंग स्टाफ 16 को हड़ताल पर जा रहा था। ऐसे में सोमवार को दोपहर बाद कुलपति व निदेशक ने संगठन के पदाधिकारी के साथ मैराथन बैठक करते हुए उन्हें लिखित आश्वासन दिया गया है कि 7 से 10 दिनों के अंदर उनके संगठन की बैठक चंडीगढ़ में बैठे अधिकारियों के साथ करवा दी जाएगी और वहां से उन्हें सकारात्मक जवाब दिलवाने की कोशिश की जाएगी। फौगाट ने बताया कि संस्थान के अधिकारियों से मिले लिखित आश्वासन के बाद और मरीजों के हितों को देखते हुए हड़ताल को स्थगित कर दिया है और सभी ने अपना सामूहिक अवकाश का पत्र वापस ले लिया है।

### नर्सिंग अलाउंस 7200 करने की मांग : फौगाट



प्रधान विकास फोगाट ने बताया कि यदि दस दिनों के अंदर होने वाली बैठक में सरकार ने कोई फैसला उनके हक में नहीं लिया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी छोटी सी मांग है कि उनके नर्सिंग अलाउंस को 7200 किया जाए और उनकी श्रेणी को क्लास-सी से बदलकर क्लास-बी में केंद्र की तर्ज पर शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कैडर को बी क्लास में बदलने के लिए निदेशक डॉक्टर एसएस लोहचब ने आज एक कमेटी भी गठित कर दी है।

## एमडीयू में लगा दंत चिकित्सा शिविर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा पीजीआई के डेंटल कालेज के सहयोग से सोमवार को कामर्स तथा गणित विभाग में डेंटल चेकअप एंड अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। वाईआरसी कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अंजू धीमान ने बताया कि कामर्स तथा गणित विभाग में आयोजित डेंटल चेकअप कैंप में कामर्स, इकोनोमिक्स, अंग्रेजी, हिन्दी, रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, संगीत, गणित, समाजशास्त्र तथा मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापकों, स्टाफ, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। प्रो. अंजू धीमान ने प्रारंभ में मेडिकल टीम का स्वागत किया।

# महिला की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या, शव को जेएलएन में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ कमर पर चुन्नी बंधी थी, पुलिस ने दूसरे जिलों से संपर्क साधा

एक महिला की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद हत्यारे शव को जेएलएन नहर में फेंक कर फरार हो गए। सोमवार को राहगीरों की सूचना पर आईएमटी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। शिनाख्त नहीं होने पर शव पीजीआई रखवाया गया। आसपास के जिलों की पुलिस को सूचना भेजी गई है।

जानकारी के अनुसार, दोपहर को आईएमटी पुलिस को सूचना मिली कि नहर में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। आईएमटी पुलिस एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया के साथ मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकाल कर जांच पड़ताल की गई। महिला की उम्र 30 वर्ष के आसपास है। शव कई दिन पुराना हो चुका है। महिला के गले में दुपट्टा बंधा हुआ मिला है जिससे प्रतीत होता है कि किसी ने गला घोंट कर महिला की हत्या की है। इसके अलावा कमर पर भी दुपट्टा बांधा गया है जिसे शायद शव नहर में फेंकने के लिए प्रयोग किया गया हो। मौके का मुआयना कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया है। हालांकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम होने के बाद ही चल पाएगा।



रोहतक। मौके पर जांच करतीं एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया।

### शिनाख्त करने में जुटे पुलिस अधिकारी

नहर में महिला का शव मिला है। आशंका है कि उसकी हत्या की गई है। उसकी पहचान करने के लिए आसपास के जिलों की पुलिस को भी सूचना भेजी गई है। शिनाख्त होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है।
-सुशील कुमार, एसएचओ

## विजय नगर में युवक पर हमला कर नकदी व चेन छीनने का आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने विजय नगर के युवक पर जानलेवा हमला कर रुपए छीनने के मामले में आरोपी अंकुर निवासी आजाद नगर कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पेश अदालत किया गया। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि विजय नगर के अमित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गय था। जांच में सामने आया कि पिछले साल 20 जुलाई को अमित पैदल ही विजय नगर की तरफ जा रहा था। अमित जब विजय नगर धर्मकांटा के पास पहुंचा तो रास्ते युवक मिले जिन्होंने अमित का रास्ता रोक लिया। युवकों ने अमित के साथ मारपीट शुरू कर दी। तभी अमित के चाचा का लड़का उसका बचाव करने लगा तो तभी अन्य युवक हथियार सहित आ गए। एक युवक ने अमित के सर पर हथियार से चोट मारी व मौके से फरार हो गए। अमित चोट लगने के कारण बेहोश हो गया। अमित को होश आया तो उसकी जेब से करीब पांच हजार रुपये व उनके गले से सोने की चेन गायब मिली। अमित के चाचा के लड़के भी चोट लगने के कारण बेहोश हो गए थे।

## खबर संक्षेप

### मदवि : री-अपीयर की परीक्षाएं 22 जनवरी से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों- डिप्लोमा इन रिहैबिलिटेशन साइकोलोजी के प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, डिप्लोमा इन योग साइंस प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर, एपीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर, डिप्लोमा इन साइबर लॉ के प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा डीपीएड की प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर की परीक्षाएं 22 जनवरी से प्रारंभ होंगी। डेटशीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### 17 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 17 शोधार्थियों को पीएचडी का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिंधु ने बताया कि पीएचडी की डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- जूलोजी से प्रीति व ज्योति, फूड टेक्नोलॉजी से परीक्षित गुलेरिया, कामर्स से दीपांशी अग्रवाल व छवि अग्रवाल, मैनजमेंट से जोगिन्द्र सिंह, बायोटैक्नोलोजी यूआईईटी से अंकिता शर्मा, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से रिषभ, फार्मेसी से सुचेता, कैमिस्ट्री से ईशा गुप्ता, अंग्रेजी से रेणु, प्रदीप व दीपक ढिल्लो, संस्कृत से नीलम यादव, इतिहास से सुनील कुमार, मनोविज्ञान से दीपक तथा लोक प्रशासन से प्रीति शामिल है।

### खबरों के लिए हरिभूमि टीम

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |

# खिली तेज धूप, फिर भी ठंड से नहीं मिली राहत उत्तरी-पश्चिमी हवाओं से दिनभर छुटती रही कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ पिछले दो दिन से जिले में पड़ रही धुंध

सोमवार को दूसरे दिन भी करीब पांच-छह घंटे तक धूप निकली। बावजूद इसके कड़ाके की ठंड से राहत नहीं मिली। मौसम का आने वाले दिनों में भी ऐसा ही बना रहता है तो फिर आप ये मानकर चलें कि हाड़ कंपकंपाने वाली सर्दी से जल्द छुटकारा मिल जाएगा। सर्दी इतनी तीखी है कि अभी भी रोहतक के न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से कम हैं। दिनभर उत्तरी-पश्चिमी हवाओं ने लोगों को कंपकंपी छुटवाए रखी। आने वाले दिनों में मौसम के हाल ऐसे ही बने रहने की आशंका है। हालांकि तापमान में थोड़ी सी वृद्धि होगी। लेकिन इतनी नहीं कि सर्दी से छुटकारा दिलवा दे। ध्यान रहे कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह से सर्दी कहर बरपा रही है। जिससे जनजीवन कई दिन अस्त-व्यस्त रहा। लेकिन अब बीते दो दिन से रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में धुंध कम पड़ने लगी है। जिससे उम्मीद की जा सकती है कि मौसम में बदलाव आ रहा है, पर शनैःशनैः। आसमान साफ रहने की वजह से अब दोपहर से पहले सूरज निकल आता है। इससे पहले कई दिन तक हल्के-हल्के बादल रहने की वजह से सूर्य दिखाई नहीं देता है। जिससे ठंड का प्रकोप भी बढ़ जाता है।



रोहतक। ठंड में अलाप तापते बच्चे और बुजुर्ग।

## छुट्टियों के बाद आज खुलेंगे स्कूल विभाग ने जारी की गाइडलाइन

**रोहतक।** पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में सरकार ने सर्दी की छुट्टियों को आगे बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालय स्कूलों में कक्षा नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के लिए 20 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश बढ़ा दिया है। अब 21 जनवरी को स्कूल खुलेंगे। इस बारे में सभी जिला शिक्षा आधिकारियों को पत्र भेजकर सूचित कर दिया है। इससे पहले ठंड के मद्देनजर 16 जनवरी तक स्कूलों में छुट्टियां घोषित की गई थी। सोमवार को शिक्षा विभाग ने स्कूलों की छुट्टियों के संबंध में नए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने भी ने सभी स्कूल मुखियाओं को इस बारे में अवगत करवा दिया है। पहले नर्सरी से तीसरी के छात्रों की छुट्टी बढ़ाई गई थी, चौथी व पांचवीं कक्षा बारे उपायुक्त ने शाम को छुट्टी का फैसला लिया।

शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी, स्कूल मुखिया, प्रभारी को विद्यालयों को खोलने के संदर्भ में 16 से 20 जनवरी तक इन दिशानिर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है।

## जीएसटी विभाग की बैठक, वन टाइम सेटलमेंट स्कीम 30 मार्च तक रहेगी जारी



**रोहतक।** जीएसटी विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डीईटीसी एसके बोडवाल ने की। इसमें विनोद गर्ग एडवोकेट प्रधान जीएसटी बार एसोसिएशन रोहतक, शिव कुमार मित्तल प्रधान जीएसटी बार एसोसिएशन पानीपत, विजय मलिक, अमित गोयल, गौरव जुनेजा, अशोक जांगड़ा ने भाग लिया। एसके बोडवाल ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के बारे में बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह स्कीम 30 मार्च तक लागू रहेगी। स्कीम में व्यापारी वर्ग को बकाया डिमांड 30 जून 2017 से पहले की वैट टैक्स डिमांड पर लागू होगा।

स्कीम के तहत सिर्फ टैक्स का 30 प्रतिशत या 50 प्रतिशत भरना होगा और पेनल्टी व इंटरेस्ट माफ हो जाएंगे। वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की तहत सभी कार्रवाई ऑनलाइन होगी। बैठक में रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल के स्टेट जीएसटी अधिकारी व सीनियर एडवोकेट एससी जैन भी मौजूद रहे।

